# I.T.S Dental College, Hospital and Research Centre

47, Knowledge Park – III, Greater Noida (U.P.)

## 7.3.1 INSTITUTIONAL DISTINCTIVENESS: Performance of The Institution In One Area Distinctive

### TO ITS PRIORITYAND THRUST

### Collaboration with Amar Ujala Foundation and I.T.S Dental College, Greater Noida

As per WHO, oral diseases share common risk factors with many non-communicable diseases and pose a major health burden on the society. Acknowledging this fact and considering it a social responsibility I.T.S Dental College, Greater Noida has been conducting Free Dental Screening & Treatment camp since more than a decade in the vicinity of the Greater Noida for the rural as well as urban population.In collaboration with Amar Ujala Foundation, I.T.S Dental College has taken upon itself to contribute to social welfare by holding camps every Sunday from May 2019

**Amar Ujala Foundation** (AUF) is the **CSR** arm of **Amar Ujala Publications Limited** with a mission to create a better future through empowerment of all. Founded in **2012** and in alignment with the overall vision of the company, Amar Ujala Foundation continues to deepen the service- outreach of impact generating programs through its initiatives.

## दांतों का दर्द नहीं उड़ाएगा नींद, बस सही देखभाल जरूरी

### सेक्टर-56 में अमर उजाला फाउंडेशन ने आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से लगाया निशुल्क दंत जांच शिविर




अमर उजाला फाउंडेशन के शिविर में मरीजों की जांच करते डॉक्टर।

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। सेक्टर-56 के सामुदायिक केंद्र में आरडब्ल्यूए एवं आईटीएस डेंटल कॉलेज ग्रेनों के सहयोग से अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा निशुल्क दंत जांच शिविर लगाया गया। लोगों के दांतों में कैविटी, पीलापन, दर्द जैसी दिक्कतों की जांच की गई। वहीं, फिजिशियन द्वारा ब्लड प्रेशर जांच एवं चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। करीब 60 लोगों ने दांतों की जांच करवाई। डॉ. अमित चौहान ने बताया कि लोग दांतों की सफाई को लेकर अकसर लापरवाही बरतते हैं। अधिकांश समस्याएं इसी कारण होती हैं। यदि समय से दो वक्त अच्छी तरह ब्रश किया जाए, तो ये परेशानियां होंगी ही नहीं। बच्चे ही नहीं कई बार बड़े भी दो टाइम ब्रश करने से कतराते हैं।

सही देखभाल दांतों को हर समस्या से बचा सकती है। दांतों का स्वास्थ्य बहुत हद तक खानपान पर निर्भर करता है। शरीर में पौष्टिक तत्व सही मात्रा में पहुंचे तो दांतों की कुछ समस्याएं खुद कम हो सकती हैं। कैल्शियम सही मात्रा में है तो दांत मजबूत रहते हैं। मजबूती के साथ मसूढ़ों की देखभाल भी आवश्यक है। पूरे मुंह की सही से सफाई करनी चाहिए। जीभ, मसूढ़े भी साफ रहने चाहिए। इनकी सही से सफाई न हो पाने से मुंह से जर्म पनपते हैं जो दांतों की सेहत के लिए सही नहीं है। अध्यक्ष संजय मावी ने कहा कि अमर उजाला के शिविर से सेक्टर वासियों को बेहद लाभ मिला है। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम से लोगों को उपयोगी जानकारियां मिली हैं, जो भविष्य में काम आएंगी। महासचिव महेंद्र, डॉ. कृष्णा, सानिया, सना, पूजा गुप्ता, पूजा कुमारी, शुभांगी, परिस्मिता, छतर पाल, सुखवीर, लोकेश मौजूद रहे।



नोएडा सेक्टर-56 में निशुल्क शिविर में दांतों की जांच करती डॉक्टर।

AUF had initiated a series of field activities that are now maturing into enabling wider sections of the society to live their life with dignity and pride – through direct action on the ground with an objective to, empower all – less advantaged first. Empowerment of girl child, protecting environment, serving the elderly, identify unsung heroes from all walks of life and to helping the blossoming of excellence in our youths are some of the other priorities. One of their activity is organizing Free Medical & Dental Camp for the society.

Dr. Sachit Anand Arora
Principal
I.T.S. Dental College,
Hospital & Research Centre
47, Knowledge Park -III, Gr. Noida (U.P.)

# I.T.S Dental College, Hospital and Research Centre

47, Knowledge Park – III, Greater Noida (U.P.)

city HEALTH

अमर उजाला ने आईटीएस के सहयोग से अरिहंत आर्डेन सोसायटी में लगाया शिविर

## सही तरीके से करें ब्रश, नहीं होगी दांतों की समस्या

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की अरिहंत आर्डेन सोसायटी में रविवार को अमर उजाला फाउंडेशन ने आईटीएस डेंटल कॉलेज और अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत परीक्षण शिविर लगाया। शिविर का 95 लोगों ने लाभ उठाया। चिकित्सकों ने दांत के साथ-साथ रक्तचाप की भी जांच की। सोसायटी निवासियों को सुबह और शाम दांत साफ करने की सलाह दी गई। ताकि लंबे समय तक दांत स्वस्थ रहे।

**95** लोगों ने उठाया शिविर का लाभ रक्तचाप की भी की गई जांच

सोसाइटी के क्लब में रविवार सुबह साढ़े दस बजे शिविर शुरू हुआ। जो दोपहर दो बजे तक चला। 15 बच्चों ने भी दांतों की जांच करवाई। वहीं, करीब 30 लोगों के दांतों में गंदगी मिली। चिकित्सकों ने उनके दांतों की सफाई की। आईटीएस के डॉ. अमित चौहान ने बताया कि कुछ लोगों के दांत एकदम खराब हो चुके थे। उन्हें नए दांत लगवाने की सलाह दी गई है। करीब दस लोगों ने धूम्रपान की लत छोड़ने का बात कही। उन्हें अस्पताल आने की सलाह दी गई। ब्रश नहीं करने की वजह से कई बच्चों के दांत खराब मिले। उन्हें समय पर सफाई करने की सलाह दी गई। कुछ लोगों के मुंह से बदबू आने की शिकायत मिली। उन्हें ब्रश करने का सही तरीका बताया गया। डा. अमित चौहान ने बताया कि कई बुजुर्गों के दांत नहीं थे। उनको भी दांत लगवाने की सलाह दी है। चिकित्सकों की टीम में डॉ. कृष्णा, प्रियंका, सिमरन, पूजा कुमारी, शिखा, सना, अवनीश और मोहम्मद सद्दाम, सुखवीर छत्रपाल सिंह रहे। एओए ने भी शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।



ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अरिहंत आर्डेन सोसायटी में आयोजित शिविर में जांच कराते लोग।

As per the agreement with Amar Ujala, team of Dental Doctors and Physicians from I.T.S Dental College, Greater Noida conduct Free Health Check-up Camps be held in Noida's RWA Societies/Schools/Companies.

Our team has conducted more than 60 free dental checkup and basic treatment camp since may 2019. The basic treatment at camp which partial cleaning, removal of mobile teeth and small initial fillings for the patients in our mobile dental van. For any further treatment patients are referred to ITS DENTAL COLLEGE GREATER NOIDA. Till date around 3500 patients have been screend and 1400 patients have benefited from the treatment provided at the camp site.

As per the understanding , Amar Ujala foundation selects the societies in Noida and Greater Noida and liaisons with the RWA for publicity of the camp like distribution of pamphlets and placing banners indicating joint collaboration of Amar Ujala and ITS DENTAL COLLEGE and also arranges the venue for conducting smooth functioning of the camp. The media coverage for the camp is also dealt by Amar Ujala Team.

The main purpose of conducting this type of camps is to provide awareness about Oral health and its importance among people of Noida and Greater Noida. The people are told about the relationship between oral health and general health by the means of various posters , models and pamphlets which are taken along during the camp.


Dr. Sachit Anand Arora
Principal
I.T.S. Dental College,
Hospital & Research Centre
47, Knowledge Park -III, Gr. Noida (U.P.)

## हर छह महीने में दांतों की सफाई जरूरी

### अमर उजाला फाउंडेशन ने आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से अजनारा होम्स में लगाया शिविर, 70 लोगों की हुई जांच

AMAR UJALA FOUNDATION


माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। हर छह महीनों में लोगों को अपने दांतों की सफाई करवानी चाहिए। यह सलाह ग्रेनो वेस्ट की अजनारा होम्स सोसायटी में रविवार को अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से आईटीएस डेंटल कॉलेज और बिल्डर के सहयोग से लगाए गए स्वास्थ्य और दंत परीक्षण शिविर में डॉक्टरों ने दी। शिविर में 70 लोगों ने लाभ उठाया। दांत के साथ साथ रक्तचाप की भी जांच की गई।

सोसाइटी में सुबह साढ़े दस बजे शिविर शुरू हुआ। जो दोपहर दो बजे तक चला। सुबह से ही जांच कराने वाले लोगों की लाइन लग गई। कुल 70 लोगों ने दांतों और रक्तचाप की जांच करवाई। इनमें 11 बच्चे शामिल थे। आईटीएस डेंटल कॉलेज के डा. अमित चौहान ने बताया कि जांच में ज्यादातर लोगों के दांत गंदे मिले। उन्हें सफाई करवाने की सलाह दी गई है। लेकिन लोगों के बीच एक भ्रम है। उन्हें लगता है कि सफाई से दांतों के ऊपर की एक परत हट जाती है। परत हटने से दांतों में गर्म व ठंडा लगता है। यह गलत है। परत हटती है, लेकिन कुछ समय बाद वापस आ जाती है। काफी लोगों के मुंह से बदबू आने की शिकायत मिली। उन्हें सुबह और रात को सोते समय ब्रश करना होगा। माउथ वॉश, खाने के बाद कुल्ला कर सकते है। ऐसा करने से उन्हें काफी हद तक राहत मिलेगी।



अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अजनारा होम्स सोसायटी में लगे शिविर में दांतों की जांच कराते सोसायटी निवासी।



दांतों की जांच कराती महिला।

**स्वास्थ्य शिविर में सोसायटी निवासियों के रक्तचाप की भी जांच की गई, ज्यादातर लोगों के दांत मिले गंदे**

#### बच्चों पर ध्यान जरूरी

डा. अमित ने बताया कि बच्चों के दूध के दांत टूटने से पहले ही असली दांत बाहर निकल आते हैं। इससे ऊपर और नीचे दांत हो जाते हैं। 14 साल की उम्र तक बच्चों के असली दांत आ जाते हैं। उसके बाद इनका इलाज किया जा सकता है। माता-पिता बच्चों के दांतों की साफ सफाई पर ध्यान दें।

#### निकोटिन की टैबलेट बांटी

तंबाकू सेवन करने वाले लोगों की काउंसलिंग कर जागरूक किया गया। निशुल्क निकोटिन की टैबलेट दी गई। वहीं, शिविर में लोगों के रक्तचाप की जांच भी की गई। आईटीएस के डा. कृष्णा, कृतिका, नागमणि, अभिषेक, धर्मेंद्र, सद्दाम, सुखबीर व सीपी सिंह ने अहम भूमिका निभाई। बिल्डर से तुषार गर्ग व एमएफ खान ने सहयोग किया।

Patients are also given free medicine and tobacco cessation Counseling at the camp site. **The unique feature of this collaboration is to Take health services even to the remotest corners through Mobile van.**

अमर उजाला | my city | नोएडा-ग्रेनो माई सिटी

## तंबाकू और सिगरेट से खराब हो रहे हैं दांत, छोड़ने की सलाह

### अमर उजाला फाउंडेशन ने आईटीएस के साथ पंचशील हायनिश सोसाइटी में लगाया दंत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की पंचशील हायनिश सोसइटी में रविवार को अमर उजाला फाउंडेशन ने आईटीएस डेंटल कॉलेज और स्थानीय निवासियों के सहयोग से दंत एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया। शिविर में 141 लोगों ने जांच करवाई है। चिकित्सकों ने दांतों के साथ-साथ रक्तचाप की भी जांच की।

साथ ही लोगों को परामर्श भी दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि तंबाकू और सिगरेट से दांत खराब हो रहे हैं। रविवार सुबह साढ़े दस बजे शिविर शुरू हुआ। जो कि दोपहर दो बजे तक चला। इस दौरान 22 बच्चों ने भी इसका लाभ उठाया। वहीं, 20 से अधिक लोगों के दांतों की सफाई भी की गई। आईटीएस के डा. अमित चौहान ने बताया कि जांच के दौरान ज्यादातर लोगों के दांतों में कीड़े मिले। जिसकी वजह से उनके दांतों में दर्द होता था। आगे के इलाज के लिए उन्हें अस्पताल बुलाया गया है। कई लोगों के दांत गंदे मिले। दांत साफ करवाने के साथ-साथ उन्हें सिगरेट का सेवन बंद करने की सलाह दी गई है। शुगर और उच्च रक्तचाप के कारण भी कई लोगों के दांतों में परेशानी थी। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चों के दांत साफ नहीं करने से खराब हो रहे है। दांतों की देखभाल करने को लेकर काउंसलिंग की गई। बताया गया कि सुबह और रात को सोते समय ब्रश करना होगा। खाने के बाद कुल्ला करने की सलाह दी गई। आईटीएस डेंटल कॉलेज के डा. कृष्णा, पूजा गुप्ता, खुशबू, पूजा कुमारी, दीपाली, सान्या, सना, शिखा, शर्मिष्ठा के साथ-साथ सोसाइटी निवासी अनुज सैनी, रोहन, संकल्प सोनी, राहुल शर्मा, सुनील, विनायक ने अहम भूमिका निभाई।





ग्रेनो वेस्ट की पंचशील हायनिश सोसाइटी में दांतों की जांच कराते लोग।



दांतों की सफाई करती डॉक्टर।

**141 निवासियों ने कराई जांच, 22 बच्चों ने उठाया लाभ, चिकित्सकों ने रक्तचाप की भी जांच की**


Dr. Sachit Anand Arora
Principal
I.T.S. Dental College,
Hospital & Research Centre
47, Knowledge Park -III, Gr. Noida (U.P.)